पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें स्वयं को जागरूक करने की आवश्यकता: देवेंद्र

भास्कर न्यूज | गोहाना

ट्री-मैन ऑफ हरियाणा देवेंद्र सूरा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें सबसे पहले स्वयं को जागरूक करने की आवश्यकता है। जागरूक होने के बाद हम न केवल अपने जीवन में परिवर्तन ला सकते हैं, बल्कि समाज की बेहतरी के लिए भी काम कर सकते हैं। हमें पॉलीथिन का कम प्रयोग करना है। वे बुधवार को बीपीएस महिला विवि में शिक्षा विभाग एवं वन विभाग की रोहतक की प्रचार एवं प्रशिक्षण विंग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रकृति शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता छात्राओं को संबोधित कर रहे थे।

गोहाना. कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व वक्ता।

एडीआरओ सुरेश पूनिया, हॉर्टिकल्चर ऑफिसर डॉ. सुनील, वन विभाग अधिकारी हितेश डागर व विवि के हॉर्टिकल्चर प्रभारी डॉ. भूपेंद्र मुख्य वक्ता रहे। डॉ. भूपेंद्र सिंह ने छात्राओं को विभिन्न शहरों के आंकड़े और पर्यावरण की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बाहरी के साथ घरों में होने वाले प्रदूषण और उसे रोकथाम की क्रियाओं की जानकारी दी। विवि द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए इको क्लब, जल संरक्षण एवं हर्बल गार्डन के बारे में बताया। हॉर्टिकल्चर ऑफिसर डॉ. सुनील ने कहा कि हम फसलों में अत्यधिक दवाइयों का प्रयोग कर रहे हैं, जोकि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। हमारा कर्तव्य है कि वातावरण को शुद्ध एवं हरा भरा करें। आज ही प्रण लें कि जहां भी, जब भी अवसर मिले, पेड़ लगाएं। छात्राओं ने अपनी कविताओं, पोस्टर और नृत्य प्रस्तुति से पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विवि परिसर में पौधे भी रोपे। इस दौरान विवि की छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता हुड्डा, डॉ. सुमन दलाल, डॉ. प्रिया ढींगरा, डॉ. सुशील, डॉ. करुणा, डॉ. ममता, डॉ. रीना आदि मौजूद रहे।

छात्राओं ने अपनी कविताओं , पोस्टर और नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

गोहाना, 22 नवम्बर (रामनिवास धीमान): गोहाना के खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में आज विवि के शिक्षा विभाग एवं वन विभाग हरियाणा सरकार के प्रचार एवं प्रशिक्षण विंग रोहतक के संयुक्त तत्वाधान में प्रकृति शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस में बतौर अतिथि एडीएफओ सुरेश पुनिया, ट्री मैन ऑफ हरियाणा देवेंदर सूरा, हॉर्टिकल्चर ऑफिसर डॉ सुनील एवं वन विभाग अधिकारी हितेष डागर ने शिरकत की। इस अवसर पर विवि के हॉर्टिकल्चर प्रभारी डॉ भूपेंदर ने उपस्थित को देश विदेश के अनेक शहरों के आंकड़ों का ब्योरा देते हुए पर्यावरण की वर्तमान स्थिति के बारे में अवगत कराया। साथ ही बाहरी प्रदूषण के साथ साथ घरों के अंदर होने वाले प्रदूषण के बारे में भी बताया। डॉ भूपिंदर ने विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए गए इको क्लब, जल संरक्षण एवं हर्बल गार्डन के बारे में भी छात्राओं को बताया। विवि की छात्रा कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता हुड्डा ने छात्राओं को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज सभी प्रण ले कि जहाँ भी जब भी अवसर मिले तभी पेड़ लगाएं। देवेंदर सूरा ने अपने वक्तव्य में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रचार एवं प्रसार का मुख्य कार्य बताया। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन का कम से कम प्रयोग करना है। डॉ. सुनील ने कहा कि सभी को अपने वातावरण को शुद्ध एवं हरा भरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर छात्राओं ने अपनी कविताओं, पोस्टर और नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देने का प्रयास किया। इस अवसर पर छात्राओं को वन विभाग की तरफ से प्रोत्साहित किया गया। तथा विवि परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुमन दलाल, डॉ. प्रिया ढींगरा, डॉ. सुशील, डॉ. वरुणा, डॉ सरला व डॉ रीना भी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व वक्ता।